प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–10.07.2023 (सं0–341)

प्रो–एक्टिव पुलिसिंग के अन्तर्गत राज्य में अपराध कारित करने के पूर्व विगत 48 घण्टों में कई अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कतिपय महत्वपूर्ण छापामारी में 22 गिरफ्तार अपराधकर्मियों का विवरण निम्न प्रकार हैं:–

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियां की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला/ थाना**	**संक्षिप्त**
01	**मुजफ्फरपुर /सरैया थाना**	➢ **बैंक लूट की घटना अंजाम देने से पूर्व अपराधी गिरफ्तार।** ➢ दिनांक 08/07/2023 को आसूचना प्राप्त हुयी कि 03 मोटरसाइकिल पर सवार कई अपराधकर्मी हथियार गोली से लैस होकर लालू छपरा बाजार स्थित स्टेट बैंक की ओर जाते हुए देखे गये हैं जिनके द्वारा बैंक लूट की घटना कारित की जा सकती है। ➢ सूचना पर गठित विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लालू छपरा बाजार स्थित स्टेट बैंक के बाहर सड़क किनारे पान गुमटी के पास से कुल **05 अपराधकर्मियों का अवैध अग्नेयास्त्र एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।** ➢ **गिरफ्तारी**– 01 अमन कुमार, 02 राजन राउत , 03 जितू कुमार , 04 दिवाकर कुमार , 05 दीपक कुमार । ➢ **बरामदगी – 03 लोडेड देशी कट्टा, .315 बोर का 06 जिन्दा गोली , 04 मोबाइल, 02 मोटरसाइकिल।**
02.	**सारण/ भगवान बाजार थाना**	➢ **डकैती की योजना बना रहे अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार।** ➢ दिनांक 07.07.2023 को सारण जिले के भगवान बाजार थानान्तर्गत कुछ अपराधकर्मियो के अवैध आग्नेयास्त्र के साथ इकठ्ठा होने एवं डकैती की घटना को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना पर छापामारी करने पर **06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।** ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मियों के **पास से 02 देशी कट्टा, 02 कारतूस, 06 मोबाइल बरामद।** ➢ पूछ ताछ के क्रम में इनके द्वारा दि0–25.06.23 को भगवान बाजार थाना कांड सं0–264/23 में एक घर में चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा इनके पास **चोरी गई 01 मोबाईल, 01 सोने का मंगलसूत्र, 02 सोने की अंगूठी, नगद 36,670/– रुपया बरामद किया गया।**

03.	**मोतिहारी / पिपराकोठी थाना**	➢ **बडो अपराधिक घटना अंजाम देने से पूर्व अपराधी गिरफ्तार।** ➢ दि0–09.07.23 को मोतिहारी जिले के पिपराकोठी थानान्तर्गत ग्राम–झाखरा रमना, जवाहिर चौक के समीप कुछ अज्ञात अपराधकर्मियो द्वारा किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना पर छापामारी कर **07 अपराधकर्मी गिरफ्तार।** ➢ **बरामदगी– 01 रिवाल्वर, 02 देशी कट्टा, 08 कारतूस, 13 मोबाइल, 01 मोटरसाइकिल बरामद।**
04.	**गोपालगंज / उचकागाँव थाना**	➢ **अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार।** ➢ दिनांक–08.07.2023 को उचकागाँव थानाअतर्गत उपस्वास्थ केन्द्र के भवन मे कुछ अपराधियो के इक्कठा होने कि सूचना पर की गई छापेमारी **में 03 अपराधो गिरफ्तार।** ➢ **गिरफ्तारी** – 01. नेहाल अंसारी , 02. सैफ अंसारी , 03. इमरान अंसारी ➢ **बरामदगी – 01. एक देशी कट्टा , 02. तीन जिन्दा कारतूस, 03 तीन मोबाईल।**
05.	**मुजफ्फरपुर / मनियारी थाना**	➢ **(07.07.2023) जिले का कुख्यात वांछित अपराधी राहुल कुमार उर्फ फिरोज गिरफ्तार।** ➢ आसूचना के आधार पर मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर की गयी छापामारी में फिरार अपराधकर्मी राहुल कुमार उर्फ फिरोज को पाँच किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मी द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में वर्ष–2019 में सिल्लीगुडी में मुथूट फाईनेस से 40 किलोग्राम सोना लूट, वैशाली में मार्बल व्यवसायी की हत्या, वैशाली कोर्ट में हवलदार को गोली मार कर जख्मी करने एवं वर्ष–2020 जनवरी / फरवरी कंकड़बाग, पटना में दो लाख की लूट की घटना में संलिप्त होने की बात बताई गयी हैं। ➢ इसके विरुद्ध हाजीपुर नगर थाना में कांड सं0–466 / 19, दि0–23.05.19, धारा–341 / 342 / 307 / 34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज हैं।